तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.4 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 13 अक्टूबर 2024



8 कोसमी में दुर्गा विसर्जन के बाद किया रावण दहन





9 एनएसएस के स्वयं सेवकों ने घोघोपुरी में लगाया एक ...







B.M. COLLEGE

B.Ed.

कोड-114336

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन

अंतिम तिथि-14/10/24

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


पर्व : धूमधाम के साथ मनाया गया बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा

# सरदार पटेल मैदान में 30 फीट ऊंचे रावण पुतले का हुआ दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शनिवार को शहर के सरदार पटेल मैदान में 30 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। नगर में आयोजित मुख्य समारोह में मैदान में जय बजरंग अखाड़ा दल द्वारा कई हैरत अंगेज करतब दिखाए, जिसमें छोटे नन्हें बच्चों से लेकर युवा भी शामिल थे। वहीं, कार्यक्रम के दौरान आतिशबाजी का नजारा भी देखने को मिला। राज दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा के नेतृत्व में रावण का पुतला दहन, व्यायाम प्रदर्शन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम को देखने नगर वासियों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी हजारों की संख्या में लोग मैदान में नजर आए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था। रावण दहन कार्यक्रम देखने लोगों की भीड़ को नियंत्रण करने मैदान में तथा मैदान के बाहर मुख्य मार्गों में बेरिकेट भी लगाया गया था। लोगों की भीड़ अधिक हो जाने के कारण कार्यक्रम स्थल छोटा पड़ गया।

रावण का वध करने राम की सेना नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची, जहां रावण का विशालकाय पुतला खड़ा हुआ था। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा व पार्षद भगवान राम, लक्ष्मण व उनके दल को कांधे में बैठाकर कार्यक्रम स्थल तक लाए। उसके बाद विधायक संगीता सिन्हा व अन्य अतिथियों ने भगवान श्री राम की पूजा की। उसके बाद भगवान राम और रावण का युद्ध भी मैदान में देखने को मिला और अंत में रावण का पुतला जलाया गया। इस कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, भाजपा नेता यशवंत जैन, पूर्व विधायक डोमेंद्र भेड़िया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, रामजी भाई पटेल, ग्राम पटेल ठाकुर नाथ योगी, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिल यादव, पुरुषोत्तम पटेल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के तमाम अलाधिकारी और कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## पांडेपारा में रावण पुतला दहन आज



नगर के पाण्डेपारा, बुधवारी बाजार में आज यानी रविवार को रावण का पुतला दहन होगा। शहर में जिस दिन माता दुर्गा की विदाई और प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। उसी दिन बुधवारी बाजार पाण्डेपारा में रावण का पुतला जलाया जाता है। आयोजनकर्ता विमल साहू ने बताया कि बुधवारी बाजार में पुतला दहन का कार्यक्रम ऐतिहासिक है। यहां 50 सालों से भी अधिक समय से रावण का पुतला दहन करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुतला दहन के बाद छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम चिन्हारी की प्रस्तुति होगी। नगर में आज रविवार को माता की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा दोपहर में निकाली जाएगी।

## अर्जुंदा में दशहरा उत्सव आज, 70 फीट ऊंचे रावण पुतले का किया जाएगा दहन



गुण्डरदेही। नव नंगारापाठ दुर्गा उत्सव समिति व समस्त नगरवासी अर्जुन्दा के तत्वावधान में 13 अक्टूबर रविवार को शासकीय शहीद दुर्वासा निषाद महाविद्यालय मैदान अर्जुन्दा में दशहरा महोत्सव मनाया जा रहा है। दशहरा महोत्सव के आयोजक समाजसेवी अधिवक्ता जसवंत सिन्हा है। यह नगर में अपने किस्म का पहला आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटेश्वर धाम डौंडीलोहारा संत राम बालकदास महात्यागी, संत ज्ञानीदास नासिक महाराष्ट्र रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुपनरायण सिन्हा छत्तीसगढ़ शासन एवं प्रमुख समन्वयक व पूर्व संगठन मंत्री भाजपा करेंगे। अर्जुन्दा क्षेत्र के समाजसेवी अधिवक्ता व कार्यक्रम के आयोजक जसवंत सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम 13 अक्टूबर को शाम 4 बजे रायपुर की सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक संध्या की प्रस्तुति के साथ प्रारंभ होगी। उसके बाद शाम 7 बजे से रामलीला कार्यक्रम होगा। उसके बाद 70 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन किया जाएगा। इस दौरान भव्य आतिशबाजी की जाएगी। जसवंत सिन्हा ने क्षेत्र के सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसका लाभ लेने की अपील की है।

## अर्जुनी में धूमधाम से मना दशहरा




बालोद/सिकोसा। संत कबीर दशहरा उत्सव समिति ग्राम अर्जुनी के तत्वावधान में दशहरा धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 25 फीट ऊंचे रावन पुतले का दहन किया गया। आस पास गांव के लोग बड़ी संख्या में यहां दशहरा पर्व को देखने आते हैं। वर्षों से चली आ रही राम लीला मंडली की परम्परा को आज की नई पीढ़ी अपनी संस्कृति को संजोए रखने के लिए बड़े ही उत्साह के साथ अपने अपने किरदार को निभाते हैं।

# गुरूर वन परिक्षेत्र में दंतैल की दस्तक से दहशत में ग्रामीण, किसान चिंतित

वन विभाग ने करवाई मुनादी, ग्रामीणों को दी सतर्क रहने की सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुरुर वन परिक्षेत्र में फिर एक बार दंतैल हाथी ने दस्तक दी है, जिसके कारण वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण दहशत में रात गुजारने को मजबूर हैं। वहीं, किसान धान की फसल को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। वन विभाग द्वारा मुनादी करवाकर लोगों को सतर्क व सुरक्षित रहने के लिए हिदायत दी जा रही है। सीमावर्ती धमतरी जिले को पार कर दंतैल हाथी शुक्रवार रात बालोद वन मंडल के गुरुर वन परिक्षेत्र में पहुंचा। हाथी अब फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। हालांकि वन विभाग की टीम द्वारा हाथी की निगरानी की जा रही है।

वहीं, दंतैल हाथी गुरुर वन परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक आर एफ 11व 25 अंतर्गत विचरण कर रहा है जिससे ग्राम जगतरा, सोहतरा, बिच्छीबहरा, खैरडिगी, धानापुरी, ओडेनाडीह, चूल्हापथरा, कारियाटोला, कंकालीन, भेजमैदानी, नारागाँव रूपुटोला, हितेकसा, नगझर, मंगचुवा, पेटेचूवा सहित दर्जनों गांवों को अलर्ट किया गया है। गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल नहीं जाने, हाथी विचरण क्षेत्र से रात्रि में सफर नहीं करने सहित सुरक्षित रहने और एक दूसरे को सचेत करने के साथ ही हाथी दिखने पर नजदीकी वन कर्मचारी को सूचना देने की अपील की जा रही है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दंतैल हाथी की पहचान एम ई 3 के रूप में की गई है जो शुक्रवार रात दस्तक दी। विचरण के दौरान फसलों को रौंद कर नुकसान पहुंचाया गया है, लेकिन जन हानि या मकानों को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है।

## हाथी के आने से किसान परेशान

जिले में हाथी के आने से किसान चिंतित व परेशान नजर आ रहे हैं, क्योंकि वर्तमान समय में धान की फसल खेतों में लहलहाती नजर आ रही है, जिसकी कटाई कराने का समय आ गया है। इस कारण किसान धान की फसल को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित हैं। यदि दंतैल हाथी द्वारा रौंद कर फसल चौपट कर दी जाएगी, तो किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्योंकि हाथी धान को तो खाते ही हैं, साथ ही उनके पैरों से रौंदे जाने के कारण फसलों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचता है।

## खबर संक्षेप



### गुरूर थाने में की गई शस्त्रों की पूजा

गुरूर। विजयादशमी के मौके पर पुलिस थाना गुरूर में विधि–विधान से शस्त्रों की पूजा की गई। थाने में थाना प्रभारी तुलसी राम पट्टावी ने शस्त्रों की पूजा की। उसके बाद शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आरती के बाद मां का आशीर्वाद लिया। शस्त्र पूजन के दौरान पुलिस जवान भी मौजूद रहे। टीआई पट्टावी ने बताया कि विजय दशमी दशहरे के दिन शस्त्रों की भी पूजा की जाती है। इस दिन बंदूक से लेकर तलवार, कटार, लाठी आदि शस्त्रों की पूजा की जाती है।

### विद्युत लाइनों व उपकरण के सुधार के लिए विशेष अभियान कल से

बालोद। दीपावली त्यौहार के पहले विद्युत लाइनों और उपकरण के सुधार के लिए विद्युत विभाग द्वारा आगामी 14 अक्टूबर से विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। आगामी 21 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में शहर सहित जिले के तमाम 32 फीडरों में सुधार काम किया जाएगा। मरम्मत के लिए अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यानि कि छह घंटे बिजली बंद रहेगी। आपको बता दें कि जिला मुख्यालय से लेकर गांवों में भी विद्युत खपत अधिक होने से लो ओल्टेज की समस्या सामने आ रही है। हालांकि विद्युत विभाग द्वारा शिकायत सामने आने के बाद सुधार कार्य किए जाने का दावा किया जाता है।

### गुरूर में आरएसएस का विजयादशमी उत्सव आज

गुरूर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ गुरूर द्वारा विजयादशमी उत्सव का आयोजन 13 अक्टूबर को देऊर मंदिर प्रांगण गुरूर में दोपहर 2:30 से 5 बजे तक किया गया है। इसके तहत संचालन प्रारंभ दोपहर 3:10 बजे देऊर मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगा। नगर भ्रमण पश्चात समापन देऊर मंदिर प्रांगण में होगा। उसके बाद बौद्धिक होगा। इसमें मुख्य वक्ता विभाग संपर्क प्रमुख प्रशांत सोनी होंगे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पेंशन समाज जिला बालोद जीके साहू करेंगे। यह जानकारी खण्ड कार्यवाह जागृत साहू ने दी।

# डोंडी थाने के शस्त्रागार में की गई हथियारों की पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



विजयादशमी पर्व के अवसर पर डोंडी पुलिस थाने के शस्त्रागार में हथियारों की पूजा अर्चना की। पूजा-अर्चना कर थाना प्रभारी मनीष शेंडे ने डोंडी थाना क्षेत्र में सुरक्षा व शांति व्यवस्था का आशीर्वाद मांगा।

परंपरा के अनुसार शनिवार की सुबह से ही डोंडी थाने शस्त्रागार में थाना प्रभारी मनीष शेंडे समेत अन्य पुलिस स्टॉफ ने शस्त्र पूजन किया। पूजा में थाना स्टाफ समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। शस्त्र पूजन के बाद वाहनों की पूजा भी की गई। पूजन डोंडी के पंडित भूषण वैष्णव ने कराई। थाना प्रभारी के बाद अन्य पुलिसकर्मियों ने भी बारी- बारी शस्त्र की पूजा की और सुख-समद्धि की कामना की। पूजन के बाद थाने के सभी शस्त्र को शस्त्रागार में व्यवस्थित रखा गया है। समय-समय पर शस्त्र की सफाई से लेकर अन्य कार्य थाने के स्टाफ की ओर की जाती है। शस्त्र पूजा की यह परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। दशहरा को बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का पर्व माना जाता है। मान्यता है इस दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त की थी। दशहरे के इस पर्व को विजयादशमी के नाम से भी जानते हैं। साथ ही मान्यता यह भी है कि मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का इसी दिन वध किया था। दशहरा के दिन शस्त्र पूजन करने की परंपरा बरसों पुरानी है। दशमी के अवसर पर शस्त्र पूजा का विधान प्राचीन काल से ही रहा है। महाभारत व रामायण भी शस्त्र पूजा का उल्लेख मिलता है शस्त्र पूजा कर लोग सुरक्षा व समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

# शोभायात्रा के दौरान टूटा बिजली का तार, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- करंट प्रवाहित तार के टूटते ही ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर से निकाला ग्रिप, बड़ी अनहोनी टली

दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान ग्राम कंवर में डांग में फंसकर बिजली का तार टूट गया। वहीं, विद्युत तार की चपेट में आने से 6 ग्रामीण घायल हो गए। अन्य ग्रामीणों की सजगता एवं त्वरित कार्यवाही से बड़ी घटना टल गई। घटना में घायल सभी ग्रामीण सुरक्षित हैं। सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कंवर में देवी दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा ग्राम की गलियों का भ्रमण कर रही थ। शोभायात्रा के साथ देवी देवता व डांग डोंरी भी थे। इसी दौरान गली में विद्युत तार डांग में फंसकर टूट गया। टूटे तार में विद्युत प्रवाहित हो रही थी, जिसकी चपेट में आने से कम से कम 6 ग्रामीण घायल हो गए।

तार टूटने एवं विद्युत प्रवाहित होते देख शोभायात्रा में सम्मिलित ग्रामीणों ने पास स्थित ट्रांसफार्मर से ग्रीप निकाल दिया, जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। सभी घायलों को इलाज के लिए धमतरी ले जाया गया, जहां उपचार के बाद सभी घायल सुरक्षित हैं एवं सभी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। घटना के दौरान शोभायात्रा में सैकड़ों ग्रामीण सम्मिलित थे। यदि समय पर ट्रांसफार्मर का ग्रीप नहीं निकाला जाता, तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। लेकिन, ग्रामीणों की सजगता और त्वरित कार्यवाही से बड़ी घटना टल गई।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


# सड़क किनारे खड़ी कार को बस ने मारी टक्कर

बालोद। सड़क किनारे खड़ी कार को तेज रफ्तार बस के ड्राइवर ने पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार में बैठी महिला और दो बच्चे बाल-बाल बचे। वहीं, बस की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद कार चालक सूर्यप्रकाश यादव ने डौंडी थाना में इसकी शिकायत की है। डौंडी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टिकरापारा बालोद निवास सूर्यप्रकाश यादव ने बताया कि 12 अक्टूबर को बालोद से भानुप्रतापपुर वाहन कार क्रं. सीजी 10 एबी 9523 से जा रहा था। ग्राम कामता मेन रोड के पास वाहन कार को रोड के साईड में खड़ी किया था। इसी दौरान दल्लीराजहरा की ओर से बस क्रमांक सीजी 07 ई 1714 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक बस को चलाते हुए रोड किनारे खड़ी कार को पीछे से टक्कर मार दी। उस समय कार में दो महिला खिलेश्वरी नाग और के. नाग, एवं दो बच्चे बैठे थे, गनीमत रही कि उन्हें किसी प्रकार का चोट नहीं आई है।


खरीदी के शुभ दिन

SHOP & WIN

JEETO DHAN DHANA DHAN

प्रत्येक ₹ 9000 की खरीदी पर पायें एक लक्की कुपन और अनेक उपहार

वार्षिक उपहार उत्सव के साथ साथ प्रत्येक 2 माह में भी पाईये आकर्षक उपहार



| बंपर ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | टाटा टिआगो | 1 no |
| 2nd | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 3 nos |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

| प्रत्येक 2 माह के ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 2nd | आई फोन | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 1 no |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

Double Gold Rate Protection

ADVANCE BOOKING

त्यौहारों की भीड़ से पहले अपनी पसंद के आभूषण आज के भाव से बुक करायें। यदि त्यौहारों में भाव बढ़ते हैं तो भी फायदा आपका और यदि भाव कम होते हैं तो कम भाव में आपको भुगतान करना होगा। अभी से दीपावली तक कभी भी शुभ मुहूर्त में ले जायें अपने मनचाहे आभूषण।

TEAM CREATIVE ADVERTISERS

सहेली ज्वेलर्स





हमारी शाखाएं

- भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
- दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
- रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558

100% EXCHANGE VALUE OF OLD GOLD | 100% CERTIFIED DIAMONDS | 100% HALLMARK GOLD

All 7 Days Open | Parking Available

T&C apply*

## खबर संक्षेप



### जुन्नापानी में धूमधाम से किया दीप महायज्ञ

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम जुन्नापानी में दुर्गा नवमी के अवसर पर नव जागृति गणपति उत्सव समिति द्वारा गणपति स्थल पर 208 दीप प्रज्वलित कर दीप महायज्ञ किया गया। ग्राम जुन्नापानी में विगत 25 वर्षों से समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से क्वांर मास में भगवान शिव जी के सुपुत्र कार्तिक स्वामी जी की पूजा अर्चना करने की प्रथा चली आ रही है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष यह 11 दिवसीय गणपति उत्सव को रजत जयंती के रूप में मना रहे हैं। प्रत्येक वर्ष दशहरा के 1 दिन पूर्व ग्राम के इष्ट देवी मां दंतेश्वरी गांव में दशहरा मनाने के लिए आती हैं। उस समय गणपति स्थल पर दीप प्रज्वलित कर माता रानी का स्वागत किया जाता है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश कोठारी, उपाध्यक्ष रोहित कुंजाम, सचिव डिलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष रूप राम यादव, संरक्षक खम्भन देवांगन, संदेश वाहक रविन्द्र उर्वशा का विशेष योगदान रहा।

### विधायक संगीता ने लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद



**गुरूर।** दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान विधायक संगीता सिन्हा ने माता रानी की पूजा अर्चना की एवं क्षेत्र की समृद्ध व खुशहाली की कामना की।

### हत्या : 3 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** एसडीओपी आशीष बंछोर ने बताया कि ग्राम पुरई उतई निवासी द्वारिका प्रसाद सिन्हा की हत्या करने वाला गोवर्धन चौक नेवई निवासी किशन उर्फ छोटू राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। हत्या में गणेश, जयसिंग भी शामिल थे। तीनों ने मिलकर लोहे का सरिया व कटर से द्वारिका सिन्हा पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपी को पकड़ लिया है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### // ईश्तहार //

क्र. 854/राजस्व विभाग/न.प. 2024

**गुरु दिनांक 09/10/2024**

नगर पंचायत गुरूर द्वारा मलबा नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों का विवरण पत्रक क्र.01, हस्तांतरण का नाम श्री कुसुम कुमार पिता श्री माखन लाल किसके नाम से हस्तांतरित किया जाना है - श्री नर्मल मंडावी पिता श्री अकालु राम, खसरा नंबर-729/117, 2014 वर्गफीट पंचायत रिकार्ड क्रमांक/सरल क्रमांक-19, नामांतरण का आधार-

**टीप** - उपरोक्तानुसार नगर पंचायत गुरूर को भवन/मलवा का नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुऐ है। यदि किसी भी संबंधित व्यक्तियों को उक्त मलवा संपत्तियो को नामांतरण किये जाने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति करनी हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों भीतर अपना आपत्ति लिखित में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) शेष दिनों कार्यालय दिवस व समय पर प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपात्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुरूर**

## पर्व : नवरात्रि पर 9 दिनों तक माता की पूजा-अर्चना के बाद दी गई विदाई

# शोभायात्रा निकाल कर किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल ग्राम अरजपुरी में 9 दिन तक चले नवरात्र उत्सव का समापन ज्योति जंवारा विसर्जन के साथ हुआ। माता के भक्तों ने उन्हें भक्तिभाव के साथ विदा किया। ग्राम अरजपुरी में माँ आदिशक्ति जगदम्बा जगत जननी दन्तेश्वरी माँ का जंवारा विसर्जन के लिए गली भ्रमण किया गया। माता के जसगीतों पर श्रद्धालु झूमते हुए नजदीकी नदी-तालाब तक पहुंचे और ज्योति-जंवारा विसर्जित किया। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ यह सिलसिला दोपहर बाद तक जारी रहा। कड़ी धूप में भी माता के भक्तों की भीड़ बनी रही। नवरात्रि के पावन पर्व की बिदाई के साथ ही ग्राम में इस शुभ अवसर पर गणपति स्थापना युवा बाल गणेशोत्सव समिति बाजार चौक अरजपुरी के तत्वावधान में रात्रिकालीन रंगारंग कार्यक्रम शनिवार को मोर जहुंरिया रिकार्डिंग डांस कार्यक्रम ग्राम-अड़जाल (कुसुमकसा) का रखा गया।

■ अरजपुरी में जोत जंवारा विसर्जन के साथ माता की विदाई





### डोकला में किया गया प्रतिमा विसर्जन

**गुरूर।** ग्राम डोकला में माता शीतला प्रांगण में 9 दिनों तक पूजा अर्चना के बाद हवन पूजन किया गया। उसके बाद शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता को विदाई देने पहुंचे।

### ग्राम कुलिया में हवन के बाद कराया कन्या भोज



**गुरूर।** ग्राम कुलिया स्थित दुर्गा मंदिर में हवन पूजन कर नौ कन्या भोज कराया गया। मंदिर समिति द्वारा नौ कन्या को भोजन कराने के बाद पूजन किया गया। ग्रामीणों ने भी नौ कन्या की पूजा कर उन्हें भेंट दिया और आशीर्वाद प्राप्त किया।

### काल भैरव मंदिर में कराया नौ कन्या भोज



**गुरूर।** नगर के ऐतिहासिक काल भैरव मंदिर में शुक्रवार को हवन पूजन के बाद नौ कन्या भोज कराया गया। मंदिर आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में पंडितों की टीम ने पूजा करवाई। शनिवार को शोभायात्रा निकालकर प्रतिमा विसर्जन किया गया।

## दुर्गा मंदिर बालोद में शनिवार को हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गंजपारा दुर्गा समिति द्वारा दुर्गा मंदिर बालोद में नवरात्र पर नौ कन्या भोज का आयोजन किया गया। शुक्रवार को मंदिर में हवन पूजन किया गया। शनिवार को भंडारा का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि नवरात्रि के अवसर पर श्री दुर्गा समिति द्वारा श्रीमद देवी भागवत का आयोजन किया गया। इसमें रुचिता तिवारी ने भागवत कथा का रसपान कराया।



शुक्रवार को कथा का समापन हुआ, रात्रि में रुचिता तिवारी ने अपनी टीम के साथ भजन प्रस्तुत की, इसमें श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। आयोजन में दुर्गा समिति के सदस्य गण व्यवस्थापक राजू पटेल, अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, सचिव मनोज चांडक, सरक्षक टिकेंद्र साहू, मीडिया प्रभारी जितेंद्र साहू, शंभू पटेल, संतोष शर्मा, गोविंद टावरी सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## जस सेवा गीत के साथ दी मां दुर्गा को विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

ग्राम देवरी द में मां शीतला मंदिर में नवरात्रि पर्व पर मां काली व हनुमान जी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा विधिवत व मंत्रोच्चार के साथ की गई। वहीं, अष्टमी हवन कर मां शीतला मंदिर में नौ कन्या भोजन कर ग्रामीणों द्वारा महाभंडारा भोग आयोजित किया। ग्रामीण समिति शीतला समिति देवरी द अध्यक्ष हिन्छाराम साहू ने बताया कि हवन, यज्ञ के बाद मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन पांरपरिक रुप से सेवा जसगीत ढोल, ताशे के साथ किया गया। गौरतलब हो कि



देवरी द की पूरे क्षेत्र में अलग ही पहचान है। इस गांव में मांस विक्रय पूरी तरह प्रतिबंध है। कहीं भी धार्मिक व सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन कर अभद्रता करने पर ग्रामीण दंड लेते हैं, जिसके कारण हुडदंग भी नहीं होती। वहीं, सरपंच प्रतिनिधि चुम्मन साहू ने बताया कि सार्वजनिक व समाजिक भोजन के लिए गांव में समाज के पास बड़ी संख्या में स्टील थाली व गिलास का उपयोग कर प्लास्टिक प्रतिबंध कर पर्यावरण सरंक्षण में अहम भूमिका निभा कर स्वच्छ गांव स्वच्छ गांव की थीम पर काम कर रहे हैं। वहीं, भोजन भंडारा में ग्रामीणों व महिलाओं की एकता दिखती है। सब मिलजुल कर आयोजन में सहयोग देते है। जिसमें सरपंच नेमबाई, युवराज साहू, अजय साहू, खेलनदास, छत्रपाल साहू, नेमीचंद सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### रेडक्रास सोसायटी बालोद द्वारा आयोजित सेवा शिविर का हुआ समापन

## नवरात्रि में सेवा देने वाले रेडक्रास के स्वयंसेवकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

रेडक्रास सोसायटी बालोद द्वारा आयोजित सेवा शिविर का समापन हुआ। नौ दिनों तक निःशुल्क सेवा कार्य करने के बाद बच्चों को सम्मानित किया गया। सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रमुख ट्रस्टी सोहन लाल टावरी ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

बच्चों के द्वारा मंदिर प्रांगण में सुबह 4 बजे से लेकर रात तक सेवा कार्य किया जाता था। दल नायक भोजेश्वर ने बताया कि हम लोगों का सबसे पहला काम सफाई होता था, मंदिर प्रांगण, कार्यक्रम स्थल, पार्किंग, मंदिर के बाहर, मेला



परिसर की सफाई की जाती थी, उसके बाद सभी बच्चों की ड्यूटी अलग अलग लगाई गयी थी, कोई भोजन परोसता, कोई मंदिर के अंदर भक्तजनों को क्रमबद्ध अंदर भेजने का कार्य करते, मंदिर के अंदर से नारियल हटाने जैसे कार्य दिनभर करते थे। कमजोर व वृध्द लोगों को मंदिर तक दर्शन कार्य करने व्हील चेयर से दर्शन कराकर सेवा कार्य किया गया। बच्चों को सेवा कार्य कर बहुत ही अच्छा लगा। रेडक्रास जिला संगठक चंद्रशेखर पवार ने बताया कि रेडक्रास का उद्देश्य स्वास्थ्य, सेवा, मित्रता है और इसके सात सिद्धांत पर हमारे वालेंटियर कार्य को अंजाम दिया। विगत 9 वर्षों से कोरोना काल को छोड़कर हम इस मंदिर में निःशुल्क सेवा दे रहे हैं। गंगा मैय्या मंदिर में सेवा देने बहुत से बच्चों का आवेदन प्राप्त होता है, परन्तु हम उन सभी में बेहतर कार्य करने वाले बच्चे का चयन करते हैं।

इस वर्ष कार्य करने वाले बच्चो में भोजेश्वर बालोद कालेज से, भूपेन्द्र कुमार डौण्डी कालेज, शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चिखली से कुशाग्र, ऐमनदास, भारत, धनेश्वर, भास्कर, सौरभ, टिकेश्वर, नमन, गौरव, ओमकार, राजू, दीपक बच्चों ने सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

## कोसमी में दुर्गा विसर्जन के बाद किया रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ग्राम कोसमी में शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इसके पूर्व बाजे गाजे के साथ जस





गीत गाते हुए गांव में भ्रमण कराया गया। ग्राम की महिलाओं ने अपने-अपने घर के सामने जल आचमन कर पूजा पाठ करते हुए आशीर्वाद लिया और नम आंखों से विदाई दी।

रात्रि में दशहरा उत्सव मनाया गया जिसमें राम की सेना रथ पर सवार होकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। राम-रावण संवाद के बाद 30 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन कर आतिशबाजी की गई। रात्रि में मनोरंजन के लिए ज. परसाडीह की जस झांकी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष सेवाराम पिस्दा, डेरहा गुगेल, भोजराम किसान,विश्वनाथ, दुलार साहू, सुरेश, भुनेश्वर, राधे, रुपेश, अतुल, जोहित, ललित, दीपचन्द, तुकाराम,परदेशी, जीवधन, खिलावन यादव, भवानी राउटे, अशवंत, कुलेंज सहित कोसमी के सभी ग्रामवासियों का योगदान रहा।

## महादेव सट्टे का मास्टर माइंड सौरभ की गिरफ्तारी से ट्विनसिटी में खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ऑनलाइन महादेव सट्टा का मास्टरमाइंड सौरभ चंद्राकर के गिरफ्तारी की खबर से इस्पात नगरी में सनसनी फैल गई है। राजनीतिक दलों के कई छुटभैया नेताओं की हालत पतली हो गई है। इसके अलावा शहर में रहकर बेखौफ तरीके से ऑनलाइन सट्टा का संचालन करने वाले भी दिन भर पूछ परख करते रहे है। महादेव सट्टा का संचालन सौरभ चंद्राकर को इंटरपोल के अधिकारियों ने दुबई से पकड़ लिया है। दुबई की पुलिस और स्थानीय फोर्स के साथ मिलकर सीबीआई और ईडी के अधिकारियों ने सौरभ चंद्राकर से जुड़ी हर डिटेल इंटरपोल को दी थी। सात दिनों के भी सौरभ चंद्राकर को भारत लाया जा सकता है। खबरों के मुताबिक गिरफ्तारी के बाद इंटरपोल के अफसर ने भारतीय विदेश मंत्रालय को खबर दी है। अब सौरभ चंद्राकर को भारत और फिर जल्द भिलाई दुर्ग लाने की तैयारी चल रही है। उसे लाने के लिए अफसरों ने दस्तावेजों का काम जल्द निपटने में लग गए है। लंबे समय से फरार चल रहे सौरभ चंद्राकर को पकड़ने दुबई में अफसर अपनी पहचान छुपाकर रह रह रहे थे। जैसे ही सौरभ चंद्राकर के ठिकानों की जानकारी हुई तुरंत उसे धरदबोचा गया। मिली जानकारी के मुताबिक सौरभ चंद्राकर की यूएई में गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को रायपुर ईडी की ओर से पीएमएलए कोर्ट से प्रत्यर्पण से जुड़े दस्तावेज विदेश मंत्रालय को भेजे गए है।




सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town


श्री श्रेयन आयुर्वेद
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कोटवारों ने तहसीलदार से भवन बनाने मांगी जमीन

**डौंडी।** ब्लाक के कोटवारों ने संघ का भवन बनाने भूमि आवंटित करने की मांग को लेकर बीआरसी कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर तहसीलदार हिंसाराम नायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर व जनपद सदस्य संजय बैस को आमंत्रित कर अपनी समस्या गिनाई। इस दौरान ब्लॉक कोटवार संघ ने तहसीलदार नायक संघ के लिए भवन बनाने जमीन आंबटन की मांग रखी। जिस पर तहसीलदार नायक ने कोटवार संघ को जरूरी स्थल चयन करने पश्चात प्रक्रिया पूर्ण कर जमीन आरक्षित करने आश्वस्त किया। जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि आपकी जायज मांगों का हर संभव निदान किया जाएगा। आमंत्रित देवलाल ठाकुर को कोटवार संघ ने मांग पत्र सौंपा तो ठाकुर ने कहा कि जमीन आरक्षित होते ही वे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर कोटवार संघ भवन बनाने की मांग प्रमुखता के साथ रखेंगे।

**कार्यक्रम :** शाला को प्रोजेक्टर, डेस्कटॉप व कंप्यूटर भेंट किया, डीईओ ने किया लोकार्पण

# प्राथमिक शाला पिड़ियाल के 50 साल पूरे पढ़कर निकले कर्मचारियों ने बनाया स्मार्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गडौडीलोहारा

विकासखण्ड मुख्यालय से 25 किलोमीटर सुदूर वनांचल क्षेत्र के अंतिम छोर में बसे ग्राम पिड़यिल की शासकीय प्राथमिक शाला के 50 वर्ष पूर्ण होने पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, राघव मित्र मंडल एवं उस शाला में पढ़कर विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों ने शाला को प्रोजेक्टर, डेस्कटॉप व कंप्यूटर भेंटकर मनाई स्वर्ण जयंती। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी श्री मरकले थे। विशेष अतिथि, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा,सेवानिवृत्त प्रधानपाठक मोहन सिंह अग्निवंशी, विकासखण्ड स्रोत समन्वयक दिनेश कुमार मालेकर,संकुल समन्वयक द्वय तेजस्वी नाथ योगी,मोहित भौसार्य, भारसिंह चुरेंद्र, अश्वनी कुमार वर्मा, प्रवीण कुमार ठाकुर, भीष्म नारायण धनगुन थे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर स्मार्ट शाला का लोकार्पण किया। स्वागत भाषण में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रकाश यादव ने बताया कि शाला का स्थापना वर्ष सन 1974 है। उस वर्ष के प्रथम बैच में सात बच्चों ने प्रवेश लिया था, उनका भी आज सम्मान किया जायेगा। स्थापना वर्ष से लेकर अब तक इस विद्यालय में पढ़कर कई विद्यार्थी विभिन्न विभागों में शासकीय कर्मचारी के रूप में कार्यरत हैं। उन सभी कर्मचारियों के सहयोग से हमारे बच्चे डिजिटल पढ़ाई की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्य अतिथि श्री मरकले ने अनुकरणीय पहल की प्रशंसा करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह भण्डारी, देवाल सिंह टेकाम, बलदेव करपाल, अलाल सिंह बढ़ाई, राधे लाल दुग्गा, जीवराखन भुआर्य, सगनू राम कोटपरिया, श्रीराम राणा, रामसिंह कोटपरिया तथा राघव मित्र मंडल के सदस्य धनसाय भुआर्य (पुलिस), खोमन भण्डारी (टी आई), सुखचंद कोटपरिया(इंजीनियर), तोमेश टेकाम शिक्षक, नारायण कोटपरिया, दिलेश्वर कोटपरिया, जितेन्द्र कुमार कोटपरिया शिक्षक व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति प्राथमिक व माध्यमिक शाला पीड़ियाल के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।




### उत्कृष्ट शालाओं को दिया जाएगा स्मार्ट शाला का रूप

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा ने कहा कि इस पहल को पूरे विकासखण्ड में लागू कर उत्कृष्ट शालाओं को स्मार्ट शाला का रूप दिया जायेगा। मोहन सिंह अग्निवंशी सेवा निवृत्त प्रधानपाठक ने 24 साल की सेवा के दौरान आई चुनौतियों एवं उपलब्धियों को बताते हुए अपने पढ़ाये विद्यार्थियों पर नाज करते हुए कहा कि उनके इस पहल को गुरु दक्षिणा से कम नहीं आंका जा सकता। समस्त अतिथियों, शिक्षकों को शाला प्रबंधन समिति, राघव मित्र मंडल एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के द्वारा शाल,श्रीफल एवं मोमेंटो से सम्मान करते हुए बच्चों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

# एनएसएस के स्वयं सेवकों ने घोघोपुरी में लगाया एक दिवसीय विशेष शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ज्ञान ज्योति विद्यालय गुरुर द्वारा ग्राम घोघोपुरी में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी प्यारे लाल साहू के मागदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गांव के गलियों मे साफ सफाई की।

स्वच्छता ग्राही महिलाओं का भी इस कार्य मे बराबर सहयोग मिलता रहा। रात्रि में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर ग्राम घोघोपुरी के सरपंच लीलाराम सिन्हा ने कहा कि गुरुर विद्यालय के बच्चों ने गांव के गलियों की सफाई अभियान चला कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

रिटायर शिक्षक चन्दन सिन्हा ने कहा कि बच्चों को आगे बढाने के लिए शिक्षकों का बड़ा योगदान रहता है। सही मार्गदर्शन से बच्चे हमेशा एनएसएस शिविर में भाग लेने के लिए उत्सुक रहते हैं। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष ईश्वरी राम ठाकुर, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नंदन सिन्हा, भरत सिन्हा, ग्राम पटेल भेलुराम, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, शिक्षिका गायत्री साहू, उमेश्वरी सिन्हा, मोनिका, ममता, वर्षा साहू एवं स्वयंसेवक कुलदीप सिन्हा, हर्ष, लक्ष, भेमिका, रुपाली, यामनि उपस्थित थे।

# मां तपस्विनी ग्रुप ने दी शानदार प्रस्तुति, जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन दुबे, अध्यक्ष, शैलदेवी महाविद्यालय एवं निर्णायक रश्मि देशमुख, नृत्य शिक्षिका, शंकराचार्य विद्यालय, सेक्टर–10 भिलाई थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय ने परंपरा, उल्लास और सांस्कृतिक धरोहर का एक अद्वितीय संगम देखा। कुल 12 समूहों ने सांस्कृतिक रंग और पारंपरिक नृत्य कौशल से उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी एवं गुजराती संगीत पर थिरकते हुए नर्तकों ने समूचे वातावरण को जीवंत कर दिया। नृत्य के साथ पारंपरिक वाद्य यंत्रों और संगीत ने दर्शकों का उत्साह दोगुना कर दिया। इसमें सर्वश्रेष्ठ नृत्य समूह, सर्वश्रेष्ठ परिधान, और सर्वश्रेष्ठ जोड़ी के पुरस्कार दिए गए। प्रथम पुरस्कार 3100 रूपए मां तपस्विनी गरबा समूह बी.एड. तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय पुरस्कार 2100, मां कालरात्रि गरबा समूह बी. कॉम, तृतीय 1500 रूपए मां भाग्यश्री गरबा समूह बी.एस.सी. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष, चतुर्थ 1100 रूपए, मां कात्यायनी गरबा समूह को प्रदान किया गया। इसके साथ ही अन्य सभी गरबा समूहों को 501 रूपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए।



शैलदेवी महाविद्यालय में हुआ गरबा महोत्सव

# नित्या डांस ग्रुप दुर्ग भिलाई ने जीती नृत्य प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

बुधवार को नव युवक समिति एवं समस्त ग्रामवासी मरकाटोला के तत्वावधान में देव दशहरा के अवसर पर एक दिवसीय रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें सामूहिक नृत्य में नित्या डांस ग्रुप दुर्ग भिलाई प्रथम, माता के महिमा डांस ग्रुप खैरगढ द्वितीय, मुरकान डांस ग्रुप निपानी भखारा, युगल नृत्य मे आरु–काजल राजनांदगांव प्रथम, पवनहिना रायपुर द्वितीय, मनमोहनी युवा नृत्य भखारा तृतीय एवं एकल नृत्य मे निरंजना देवांगन राजनांदगांव प्रथम, गणिता विश्वकर्मा अरौद दितीय, नम्रता गोटी दमकसा तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरुस्कार दिया गया।



निर्णायक डा पीआर ठाकुर, जागेश्वर विश्वकर्मा, वोमेश गंगराले थे। समिति की ओर से लोचन नेहरु, अजय नेताम, प्रकाश साहू, प्रकाश यादव, उमेश टेकाम, जितेन्द्र नेताम, दिलीप विश्वकर्मा, अनिरुद्घ नेताम, कृष्णकांत ठाकुर सहित समिति एवं ग्रामवासी का सहयोग रहा।



## खबर संक्षेप



### धोबनपुरी में विधायक संगीता ने किया निर्माण कार्य का लोकार्पण

**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम धोबनपुरी स्थित शीतला मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। उसके बाद मंदिर परिसर में ही लाखों की लागत से निर्मित पेवर ब्लाक निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। विधायक संगीता सिन्हा ने कुछ ग्रामीणों द्वारा समस्याएं बताए जाने पर शीघ्र ही निराकरण का आवश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर के अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने की। समारोह में ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष दुर्गराम सिन्हा, जनपद सदस्य ममता मनहरण साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, डॉ ओंकार महमल्ला, पारख साहू, नारद यादव, नरेश कुमार, सरपंच कुंती रावटे, राधेश्याम उपस्थित थे।

### पसौद में अष्टमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**लाटाबोड़।** शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर शुक्रवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों और पंडालों में हवन-पूजन का दौर देर रात तक़ चलता रहा। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी और माता दुर्गा व माता सरस्वती की आराधना की। पंडालों में विधि-विधान से हवन पूजन के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया जगह-जगह भंडारा व खीर पूड़ी, हलवा का प्रसाद वितरण किया गया। इसी क्रम में गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद में अमृत बाई साहू ने अपने पति खेमूराम साहू की स्मृति में ग्रामीणों को माँ दुर्गा मंदिर प्रांगण बाजार चौक में खीर पूड़ी का वितरण किया। शुक्रवार को अधिकतर देवी मंदिरों व कुछ दुर्गा पंडालों में हवन-पूजन किया गया। वहीं शनिवार को बाजे गाजे के साथ ज्योत जंवारा का विसर्जन किया।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**भिलाई।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। घटना नेवई और पदमनाभपुर थाना क्षेत्र का है। पदमनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि रविवार की रात अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सीजी 07 सीएल 5451 में सवार वार्ड 42 कसारीडीह सुभाष नगर दुर्ग निवासी नीरज नागवंशी जाने के लिए निकला था। इस दौरान दुर्ग आरटीओ कार्यालय के सामने अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए एक्टिवा सवार को चपेट में लिया। घटना में नीरज की मौक पर मौत हो गई। मृतक मजदूरी का काम करता था। वहीं दूसरी घटना नेवई की है। टीआई आनंद शुक्ला ने बताया कि स्टेशन मरोदा निवासी राजबीर रामटेके और मिथलेश गायकवाड 10 अक्टूबर की बाइक से कर्मा चौक की ओर जा रहे थे।

## पर्व : विभिन्न रूपों में पंडालों में विराजित माता की प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

# ज्योति-जंवारा विसर्जित कर माता को नम आंखों से दी विदाई


हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

नवरात्रि के पूरे 9 दिन मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना के बाद विजयादशमी के दिन उनकी प्रतिमाओं एवं ज्योति-जंवारा का विसर्जन किया गया। विसर्जन का सिलसिला दिनभर चलता रहा। इस अवसर पर मंदिर में स्थापित ज्योति-जंवारा के साथ ही विभिन्न पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं को भी विसर्जित किया गया। पारंपरिक मांदर एवं ढोलक, खंझेरी, झांझ-मंजीरों के साथ लोग लोग जस-सेवा गीत गाते गाते डांग डोरी के साथ गाँव की गलियों में शोभायात्रा निकाली गई। वहीं, कई जगह डीजे एवं धुमाल की धुन पर विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम भोइनापार परसाही निपानी सहित आसपास के ग्रामों में विसर्जन यात्रा निकाली गई। भोइनापार के कलामंच में दुर्गा की प्रतिमा एवं मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिनका विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बच्चों एवं युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बुजुर्ग भी उपस्थित थे।

■ डांग-डोरी एवं सांग-बाना के साथ निकाली गई शोभायात्रा







### ठेकवाडीह में मां दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में विराजी मां दुर्गा की पूरे 9 दिनों तक पूजा अर्चना के बाद शनिवार को उनकी मूर्ति को तालाब में विसर्जित किया गया। पहले मां दुर्गा की प्रतिमा को गलियों में भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर बैगा के साथ बाजे गाजे डांग डोरी के साथ लोग नाचते झूमते नजर आए। मां दुर्गा की महिलाओं ने जगह-जगह आरती उतारकर सुख समृद्धि की कामना की।

### जामगांव आर के ग्रामीणों ने किया मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन



**जामगांव आर।** नौ दिन माता दुर्गा की आराधना के बाद पूर्णाहुति हवन करके सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति जामगांव आर एवं ग्रामीणों ने माता की बाजे-गाजे के साथ नगर में भव्य जुलूस निकालकर प्रतिमा का विसर्जन किया। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने अपने घरों के सामने माता की आरती उतारकर श्रीफल भेंट किया।

### अंडा अंचल के गांवों में माता दुर्गा को दी गई विदाई





**अंडा।** नवरात्रि पर माता की पूजा-अर्चना के बाद उन्हें विदाई दी गई। ग्राम अंडा, चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, जंजगिरी, अंजोरा, निकुम, भोथली, तिरगा, रसमड़ा, गनियारी, बोरई खाड़ा, रूदा, डौकीडीह, ओटेबंध, सिरसिदा, डगनिया, परसदा, देवरी, खप्परवाड़ा, नाहंदा, गुरेदा, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भिलाई चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन, झोला सहित अंचल के सभी गावों में माता दुर्गा रानी की विदाई सेवा भजन के साथ की गई। ग्राम चिंगरी के बैगा सालिक राम निर्मलकर ने बताया कि दशहरा के दिन माता को विदाई दी गई।

## शोभायात्रा निकालकर किया गया प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर में शनिवार को ज्योति जंवारा एवं मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इससे पहले शोभायात्रा निकालकर गांव का भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में ग्राम के देवी-देवताओं के साथ अन्य देवी देवताओं को आमंत्रित किया गया था। नगर के शीतला मंदिर, देउर मंदिर सहित पांच स्थानों पर देवी प्रतिमा स्थापित की गई थी। नौ दिनों तक माता की सेवा करने के बाद भक्तों ने भारी मन से माता को विदाई दी। शोभायात्रा के दौरान बालिकाओं ने तपती धूप के बाद भी नंगे पैर ज्योत जंवारा धारण किया। शोभायात्रा के दौरान विभिन्न समाजसेवियों में शीतल जल व महाप्रसादी की व्यवस्था भक्तों के लिए की गई थी। विभिन्न सेवा मंडलियों ने माता सेवा के साथ शोभायात्रा को भक्तिमय किया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। टीआई टी पट्टावी स्वयं पूरे समय साथ चले एवं सुरक्षा व्यवस्था को संभाले रखा।







## लड़कों ने सिर पर ज्योति कलश रखकर निकाली गई शोभायात्रा, किया विसर्जन



**अंडा।** क्वांर नवरात्रि के नौ दिन पूरे होने के बाद माता मंदिर में स्थापित 60 ज्योति कलश व जंवारा का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा सेवा भजन गाते हुए गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। बता दें कि इस गांव में लड़के ज्योति कलश व जंवारा को अपने सिर में लेकर निकलते हैं और विसर्जन करते हैं। पारंपरिक धुन पर सेवा जस गीत गाते लोग आगे बढ़ते रहें। विनायकपुर की गलियों का भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंचने के बाद वहीं ज्योति-जंवारा का विसर्जन किया गया।



माता मंदिर के पुजारी चैनदास देवांगन, खिलेंद्र चंद्राकर, प्रीतम चंद्राकर, आकाश सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि माता के मंदिर में प्रज्ज्वलित ज्योति एवं जंवारा का विसर्जन विगत कई वर्षों से पुरूष ही करते रहे हैं।

### रेंगाडबरी में प्रतिमा विसर्जन के बाद धूमधाम से मनाया दशहरा





**डौण्डीलोहारा।** वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में शुक्रवार को हवन पूजन किया गया। उसके बाद महाप्रसादी के रूप में भोजन भंडारा का आयोजन किया गया। शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमा एवं ज्योति-जंवारा की शोभायात्रा निकालकर गांव का भ्रमण करने के बाद गांव के ही सोमा तालाब में विसर्जन किया गया। नेमन साहू ने बताया कि शनिवार को रात्रि में राम, रावण संवाद के बाद रावण पुतला का दहन किया गया। रात्रि में मनोरंजन के लिए बरही सांकरा का नाचा कार्यक्रम रखा गया था, जिसका लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

## बाबा दरबार धनोरा में हवन-पूजन कर मां दुर्गा को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में शारदीय नवरात्रि पर्व पर महाअष्टमी हवन का कार्यक्रम दरबार के लक्ष्मण बाबा एवं पंडित विनय शर्मा द्वारा संपन किया गया। हवन कार्यक्रम में मुख्य रूप से दरबार के नंद पंडा मनोज पटेल गुलाब साहू राजू यादव सहित अन्य सेवादारों ने कन्या भोज करवाया। उसके बादव दरबार में महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें 5 हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कामेश्वर साहूएवं वासु वैशाली, मालती निषाद ने



मातारानी का आशीर्वाद लिया। अंतिम दिन शनिवार को दोपहर 11 बजे से महावीर उद्यान से मां दुर्गा की प्रतिमा की विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। उसके बाद खनती तलाब



में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर विनोद साहू, राजू यादव, मनोज पटेल, कुंज लाल साहू, जीवराखन ठेकेदार ओमकार साहू, कल्याण देवांगन, योगेश साहू, बाबू लाल साहू सहित अनेक लोगों का योगदान रहा।

### सरपंच अरुण को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**गुरूर।** तहसील सरपंच संघ संरक्षक सरपंच ग्राम भानपुरी अरुण कुमार साहू के निधन पर भाजपा संगठन व सरपंच संघ द्वारा 13 अक्टुबर को ग्राम भानपुरी में श्रद्धांजलि दी गई। सरपंच संघ ने कहा कि दिवंगत अरुण कुमार साहू 46 वर्ष हंसमुख, मिलनसार, सरल, विनम्र, निःस्वार्थ सामाजिक, धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व्यक्तित्व के धनी थे। वे दूसरी बार सरपंच बने थे। उनकी पत्नी भी सरपंच रह चुकी हैं।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में हुई नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ की गई। मुख्य यजमान संतोष साहू, सविता साहू, नेमी साहू खेमलता साहू, डोमेन्द्र सिन्हा, भूमिका सिन्हा थे। यज्ञ का संचालन खिलावन सिन्हा, गायत्री सिन्हा शांतिकुंजवासी ने किया। संगीतमय प्रस्तुति डॉ गोपाल साहू, वरुण साहू, पुनेश्वर निर्मलकर ने दी। इस अवसर पर खिलावन सिन्हा द्वारा शांतिकुंज का संदेश एवं गायत्री यज्ञ के महत्व पर उद्बोधन दिया, विजन 2026 वंदनिया माता जी के जन्म शताब्दी की जानकारी दी। गायत्री सिन्हा ने गर्भ संस्कार का महत्व बताते हुए चार गर्भवती बहनों का गर्भ संस्कार करवाया। डॉ गोपाल साहू ने साधना अनुष्ठान का महत्व बताते हुए उनसे होने वाले मानसिक, शारीरिक,



आर्थिक एवं आध्यात्मिक लाभ के बारे जानकारी दी। गायत्री प्रज्ञा पीठ के संयोजक डॉ डीएल गंजीर ने सभी लोगों का अभिनंनदन किया। डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने शांतिकुंज प्रतिनिधि खिलावन सिन्हा एवं गायत्री सिन्हा को परिजनों का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर शंकर लाल साहू, जोहनी साहू, भूषण लाल सार्वा, जामुन सार्वा, दीपक साहू, देवला साहू, सुखीतराम नायक, असमत बाई नायक, दानवीर नायक, अजित राम गंजीर सहित गायत्री प्रज्ञापीठ मोहारा के सभी परिजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## मां दुर्गा पूजा में शामिल हुए विधायक चंद्राकर



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत अंजोरा मंडल अंतर्गत ग्राम रसमड़ा, दमोदा, नगपुरा,अ अंजोरा (ख) में मां दुर्गा अष्टमी पर विभिन्न स्थानों पर विराजमान मां जगत जननी जगदंबा की भव्य पूजा-अर्चना में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। उन्होंने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर से प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, नंदू निर्मलकर , चमन लाल , देव प्रसाद साहू सरपंच संगीता माखन साहू जिला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, जनपद पंचायत सभापति हरेंद्र घृत लहरे,संतोष देशमुख, यशवंत देशमुख, तोमन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025, 07 जून से 13 जून 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 9,100/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411